भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 213
उत्तर देने की तारीख:18.07.2022

एनसीईआरटी पुस्तकों की कमी

213. श्रीमती रंजनबेन भट्टः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में एनसीईआरटी की पुस्तको की कमी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार एनसीईआरटी पुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस या प्रभावी कदम उठाने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सूचित किया है कि देश में एनसीईआरटी पुस्तकों की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने सूचित किया है कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए 4.25 करोड़ पाठ्यपुस्तकें 950 पैनलबद्ध विक्रेताओं के माध्यम से पहले ही पूरे देश में वितरित की जा चुकी हैं। इसके अलावा, एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकें एनसीईआरटी मुख्यालय, नई दिल्ली में स्थित इसके बिक्री काउंटरों, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग में इसके क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आरआईई) और अहमदाबाद, बैंगलोर, कोलकाता और गुवाहाटी में इसके क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से भी वितरित की जाती हैं। एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों की खरीद के लिए ऑनलाइन ऑर्डर एनसीईआरटी वेब पोर्टल (www.ncertbooks.ncert.gov.in) के माध्यम से भी दिए जा सकते हैं। ऑनलाइन ऑर्डर की गई पाठ्य पुस्तकें भारतीय डाक सेवाओं की सहायता से ग्राहक के घर तक पहुंचायी जाती हैं। सभी एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकें भी देश भर के छात्रों की सुविधा के लिए इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे ई-पाठशाला, ई-पब आदि के माध्यम से पीडीएफ फॉर्म में मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराई गई हैं।

****